# पहल: नए उद्योगों के लिए तैयार होगा बड़ा भूमि बैंक

लखनऊ। उद्योगों की बढ़ती आमद को देखते हुए यूपी अब अपना औद्योगिक विकास के लिए भूमि बैंक बढ़ाने जा रहा है। इसके लिए घाटे के चलते बंद हो चुके फैक्ट्रियों की जमीन खरीदने की तैयारी है। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) लखनऊ की स्कूटर इंडिया की जमीन खरीदने जा रही है।

स्कूटर इंडिया किसी जमाने में विजय सुपर ब्रांड के स्कूटर बनाता था। इसकी देश भर में धूम थी। यही नहीं विक्रम टेंपो भी यहीं बनता था। इस कंपनी का मालिकाना हक केंद्र सरकार के भारी उद्योग मंत्रालय के पास है। कुछ समय पहले ही कंपनी को बंद किया गया है। स्कूटर इंडिया के पास 150 एकड़ की जमीन है। यूपीसीडा इस जमीन को केंद्र सरकार से खरीदेगा। प्रतापगढ़ में आटो ट्रैक्टर का कारखाना बरसों पहले बंद हो गया। यहां कभी प्रताप ट्रैक्टर बनते थे।अब इसकी जमीन को भी यूपीसीडा खरीद कर उस पर औद्योगिक भूखंड विकसित करेगा।